# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, सुल्तानपुर

Email- cdosultanpur@gmail.com

Phone No.:- 05362-241330

**जनपद–सुलतानपुर के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यों की दिनांक 03.04.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी/एजेसियों के फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थे।

1. श्री वकार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
2. श्री मनीष सिंह, परि0प्रब0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
3. श्री बिट्टू शर्मा, प्लानिंग मैनेजर, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
4. श्री अंकित उपाध्याय,परि0प्रब0, मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)/एम0आई0आर0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

जनपद सुलतानपुर में ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादन हेतु 40 नग पुरानी पाइप पेयजल योजना एवं नई 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं से किया जाना है। जिसमें पुरानी 40 नग योजनाओं का निर्माण पूर्व में जल निगम द्वारा किया गया था। जिस पर संचालन एवं अनुरक्षण की धनराशि न होने के कारण योजनायें बंद/आंशिक जलापूर्ति में है। पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु जल निगम मुख्यालय स्तर से निविदा आमंत्रित कर जनपद सुलतानपुर में मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी को नामित किया गया है। मेसर्स यूनिवर्सल द्वारा पुरानी 40 नग पाइप पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण एवं संचालन का डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृति हेतु जल निगम मुख्यालय माह अगस्त, 2025 तक प्रेषित किया जा चुका है। जिनकी स्वीकृति उपरान्त पुरानी पाइप पेयजलयोजनाओं का अनुरक्षण एवं संचालन 10 वर्ष तक मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी द्वारा किया जायेगा। वर्तमान में फर्म द्वारा 07 नग पेयजल योजनाओं को आंशिक/पूर्ण क्षमता पर संचालन करवाया जा रहा है।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में कुल तीन फर्मो को पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु नामित किया गया है। जिनके द्वारा कुल 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। योजनाओं की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

**मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज 02 के अन्तर्गत 67 राजस्व में 49 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.02.2026 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 03.04.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 49 नग | 26 नग | 26 नग |
| 2 | नलकूप | 70 नग | 70 नग | 70 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 70 नग | 66 नग | 66 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 70 नग | 43 नग | 44 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 1065 किमी0 | 1057 किमी0 | 1057 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 35859 नग | 34611 नग | 34967 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 49 नग | 07 नग | 07 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 67 ग्राम | 18 नग | 18 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 67 नग | 17 नग | 17 नग |

फर्म मेसर्स गायत्री रैम्की जेवी/मिलेनियम इन्फ्रा प्रा0लि0 के परियोजना प्रबन्धक श्री अंकित उपाध्याय से शेष 23 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष कितने उच्च जलाशय व कार्यस्थल पर कितनी लेबर लगाई हुई है, गृह जल संयोजन देने के लिए कितने कार्यस्थलों पर कितनी लेबर लगाई गई है, शेष 04 नग पम्पहाउस व 26 नग सोलर अधिष्ठापन हेतु कितने स्थलों पर कितनी लेबर लगाई गई है का विवरण चाहा गया। जिस पर परियोजना प्रबन्धक, श्री अंकित उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि शेष 23 नग में से 06 नग उच्च जलाशय पर आर0सी0सी0 का कार्य व 03 नग उच्च जलाशयों पर जिंक एलम टैंक अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है, जिस पर प्रत्येक साइट पर 5–6 लेबर लगी हुई है। शेष 14 नग उच्च जलाशय साइट जहां लेबर नहीं लगी है वहां बीजको का भुगतान न होने के कारण लेबर नहीं लग पाई थी। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह से भुगतान देना प्रारम्भ किया है। समस्त उच्च जलाशयों पर 15 अप्रैल, 2026 तक लेबर उपलब्ध करा दी जायेगी।

शेष 04 नग पम्पहाउस में से 02 नग पम्पहाउस पर कार्य चल रहा है, एक नग पम्पहाउस पर भूमि विवाद था जिसका समाधान करा लिया गया है एवं 01 नग पम्पहाउस पर लेबर नहीं लगी है। शेष 26 नग सोलर अधिष्ठापन में से एक स्थल पर कार्य चल रहा है, 21 नग सोलर अधिष्ठापन द्वितीय नलकूपों पर किया जाना है, जहां चोरी के सम्भावना के कारण अधिष्ठापित नहीं किया गया है। योजना को प्रारम्भ करते हुये अधिष्ठापित करा लिया जायेगा। समस्त सोलर मटेरियल की आपूर्ति कर ली गयी है व फर्म के स्टोर में उपलब्ध है।

ग्रामों में शेष गृह जल संयोजन उपलब्ध कराने हेतु 11 ग्रामों में 55 लेबर उपलब्ध है। जिनसे ग्रामों में शेष 10–20 नग गृह जल संयोजनों को पूर्ण कराया जा रहा है। पाइप लाइन का कार्य 26 योजनाओं में पूर्ण किया जा चुका है। शेष 23 योजनाओं में लगभग 10 किलोमीटर पाइप लाइन का कार्य शेष है। जिसमें मुख्यतः उच्च जलाशय को पाइप लाइन से ज्वाइंट कराना व ग्रामों में कुछ स्थलों पर भूमि विवाद या पाइप लाइन ज्वाइंटिंग शेष बची है, जिसको ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराते हुए पूर्ण कराया जा रहा है, पाइप मटेरियल फर्म के स्टोर पर उपलब्ध है।

- **मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रो0 प्रा0लि0**–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 310 राजस्व में 127 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.02.2026 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 03.04.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 134 नग | 104 नग | 106 नग |
| 2 | नलकूप | 179 नग | 178 नग | 179 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 179 नग | 177 नग | 177 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 179 नग | 165 नग | 169 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 3082 किमी0 | 3040 किमी0 | 3056 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 80484 नग | 79046 नग | 79915 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 127 नग | 67 नग | 76 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 310 ग्राम | 235 नग | 257 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 310 नग | 119 नग | 146 नग |

फर्म मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी के प्लालिंग मैनेजर श्री बिट्टू शर्मा से शेष 28 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष कितने उच्च जलाशय व कार्यस्थल पर कितनी लेबर लगाई हुई है, गृह जल संयोजन देने के लिए कितने कार्यस्थलों पर कितनी लेबर लगाई गई है, शेष 02 नग पम्पहाउस व 10 नग सोलर अधिष्ठापन हेतु कितने स्थलों पर कितनी लेबर लगाई गई है का विवरण चाहा गया। जिस पर प्लालिंग मैनेजर श्री बिट्टू शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि शेष 28 नग में से 22 नग उच्च जलाशय पर आर0सी0सी0 व जिंक एलम टैंक अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है, जिस पर प्रत्येक साइट पर अनुमानित 6–7 लेबर लगी हुई है। शेष 06 नग उच्च जलाशय साइट जहां लेबर नहीं लगी है वहां उपरोक्त 22 नग उच्च जलाशयों में से 07 नग उच्च जलाशय पर जिंक एलम टैंक अधिष्ठापन व स्टेयर केस का कार्य प्रगति पर है जो अप्रैल, 2026 में पूर्ण हो जायेगा जिसके उपरान्त उक्त साइट के लेबर शेष 06 नग उच्च जलाशय जहां पर लेबर नहीं है वहां कार्य प्रारम्भ करेगी। वर्तमान में 14 नग जिंक एलम टैंक का मटेरियल फर्म के स्टोर पर उपलब्ध है। शेष जिंक एलम टैंक का मटेरियल 10 नग जिंक एलम टैंक के अधिष्ठापन के उपरान्त उपलब्ध हो जायेगा। साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया कि माह मई, 2026 के अन्त तक उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे।

शेष 02 नग पम्पहाउस में से 01 नग पम्पहाउस पर कार्य चल रहा है तथा एक नग पम्पहाउस पर नलकूप वोरिंग कार्य 25 मार्च, 2026 तक पूर्ण हुआ है, जिस पर उपरोक्त पम्पहाउस का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त लेबर हस्तान्तरित कर दी जायेगी। शेष 10 नग सोलर अधिष्ठापन में से 02 स्थलों पर 6 लेबरों द्वारा सोलर अधिष्ठापन का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें एक सोलर अधिष्ठापन में 5–6 दिन लगता है। उपरोक्त दो टीमों द्वारा ही शेष सोलर अधिष्ठापन का कार्य किया जाना है। माह मई, 2026 तक सभी सोलर अधिष्ठापन कर लिया जायेगा। समस्त सोलर मटेरियल की आपूर्ति कर ली गयी है व फर्म के स्टोर में उपलब्ध है।

ग्रामों में शेष गृह जल संयोजन उपलब्ध कराने हेतु 16 टीम द्वारा शेष गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। प्रत्येक टीम में 4–5 लेबर उपलब्ध है। गृह जल संयोजनों के कार्य को माह जून, 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। विगत बैठक में लगभग 42 किलोमीटर पाइप लाइन का कार्य शेष था। जिसमें अगवत कराया गया कि ग्राम बहरौली एवं चांदीपुर में विवाद होने के कारण पाइप लाइन बिछाई नही जा सकी थी। वर्तमान में बहरौली ग्राम में पाइप लाइन बिछा ली गई है तथा ग्राम चांदीपुर में भी शेष पाइप लाइन बिछाने हेतु ग्राम प्रधान से सम्पर्क कर विवाद का निस्तारण कराने का प्रयास किया जा रहा है। शेष पाइप लाइन के कार्यो को माह मई, 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

➢ मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 1260 राजस्व में 482 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.02.2026 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 03.04.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 484 नग | 77 नग | 89 नग |
| 2 | नलकूप | 515 नग | 513 नग | 514 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 515 नग | 480 नग | 482 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 515 नग | 389 नग | 391 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 10431 कि0मी0 | 10259 कि0मी0 | 10355 कि0मी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 249595 नग | 238441 नग | 238997 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 482 नग | 26 नग | 26 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 1260 ग्राम | 152 नग | 152 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 1260 नग | 89 नग | 89 नग |

फर्म मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जे0वी0 के परियोजना प्रबन्धक श्री मनीष सिंह से शेष 394 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष कितने उच्च जलाशय व कार्यस्थल पर कितनी लेवर लगाई हुई है, गृह जल संयोजन देने के लिए कितने कार्यस्थलों पर कितनी लेवर लगाई गई है, शेष 33 नग पम्पहाउस व 124 नग सोलर अधिष्ठापन हेतु कितने स्थलों पर कितनी लेवर लगाई गई है का विवरण चाहा गया। जिस पर परियोजना प्रबन्धक श्री मनीष सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि शेष 394 नग में से 62 नग उच्च जलाशय पर आर0सी0सी0 का कार्य व 06 नग उच्च जलाशयों पर जिंक एलम टैंक अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है, जिस पर प्रत्येक साइट पर अनुमानित 6–7 लेवर लगी हुई है। शेष 332 नग उच्च जलाशय साइट जहां लेवर नहीं लगी है के संदर्भ में परियोजना प्रबन्धक श्री मनीष सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में कराये गये कार्यो का भुगतान नहीं हुआ था। जिसके कारण साइटों पर उच्च जलाशय के निर्माण हेतु लेवर उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। दिनांक 28 मार्च, 2026 से भुगतान प्राप्त होना प्रारम्भ हुआ है तथा यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में उच्च जलाशय, हाउस कनेक्शन सोलर अधिष्ठापन आदि कार्य करने हेतु कुल 832 लेवर लगी हुई है जिसे 15 अप्रैल, 2026 तक 1400 लेवर तक पहुंचा लिया जायेगा। वर्तमान में 194 उच्च जलाशय की साइट पर फाउन्डेशन का कार्य पूर्ण व स्टेजिंग लेवल पर है व 12 साइट पर मात्र पी0सी0सी0 हुआ है। जिसको पूर्ण करने हेतु प्रोजेक्टर मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि लगभग 70 दिन में उच्च जलाशय की फाउन्डेशन से स्लैब लेवल तक का कार्य पूर्ण किया जाता है। वर्तमान में उपलब्ध उच्च जलाशय की लेवर के साथ दिनांक 15 सितम्बर, 2026 तक समस्त उच्च जलाशयों की स्लैब तक का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

शेष 33 नग पम्पहाउस में से 15 नग पम्पहाउस पर कार्य चल रहा है तथा एक नग पम्पहाउस को पूर्ण होने में 24–26 दिन का समय लगता है। उपरोक्त पम्पहाउस पर लगे लेबरों द्वारा ही शेष पम्पहाउस पर कार्य किया जायेगा। शेष 124 नग सोलर अधिष्ठापन में से 05 स्थलों पर कार्य चल रहा है। जिसमें एक सोलर अधिष्ठापन में 5–6 दिन लगता है। समस्त सोलर मटेरियल की आपूर्ति कर ली गयी है व फर्म के स्टोर में उपलब्ध है।

ग्रामों में शेष गृह जल संयोजन उपलब्ध कराने हेतु 32 टीम द्वारा शेष गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। प्रत्येक टीम में 4 लेवर उपलब्ध है। गृह जल संयोजन उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त टीमों को बुलाया जा रहा है जिसके लिए 6 टीमों को एंडवास भुगतान भी किया गया है। 15 अप्रैल, 2026 तक हाउस कनेक्शन की वर्तमान से दोगुना टीम हो जायेगी। शेष लगभग 80 किलोमीटर पाइप लाइन के संदर्भ में प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्रामों में पाइप ज्वांइटिंग व विवादित स्थलों पर ही पाइप लाइन का कार्य शेष है तथा यह भी अवगत कराया गया कि उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया है कि योजनाओं को जहां–जहां उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण है वहां अवशेष पाइप लाइन व गृह जल संयोजन के कार्यो को प्राथमिकता पर पूर्ण करायें।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग 200 ग्रामों में पाइप लाइन लेइंग का कार्य शेष है व प्रोजेक्ट मैनेजर वी0टी0एल0 द्वारा बताये गये 62 स्थलों पर उच्च जलाशय का कार्य प्रगति पर है। जिसमें उनके द्वारा विकासखण्ड–पी0पी0 कमौचा व लम्भुआ में उच्च जलाशयों पर लगे लेबर नहीं जोड़ा गया है जिनके स्थलों के जोड़ने पर 75 नग उच्च जलाशयों पर कार्य प्रगति है तथा यह भी अवगत कराया गया कि माह जनवरी, 2026 तक मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी की 90 नग उच्च जलाशयों के साइटों पर कार्य चल रहे थे जो वर्तमान में कम हुये है।

W-30

जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति बढ़ाने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये जाते है–

1. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है कि अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है कि जलाशय, हाउस कनेक्शन, सोलर, पम्पहाउस व अन्य कार्यो पर लगी लेबर का स्थल सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है मटेरियल उपलब्ध के सम्बन्ध में दी गयी जानकारी का सत्यापन तीनों फर्मो के स्टोर प रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
3. पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गो को पुर्नस्थापित करने हेतु प्रत्येक पेयजल सड़क पुर्नस्थापना में प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियों को पेयजल योजनावार आपूर्ति सुनिश्चि पुर्नस्थापित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
4. कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में का जलापूर्ति की जा रही व आंशिक कार्य शेष है उनको शीघ्र पूर्ण कराते हुये योजनाओं को में ले जाना सुनिश्चित करें।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को नि पेयजल योजनायें जहां धनराशि न होने के कारण कार्य बंद थे जिन पर समाचार पत्र में हो रही है की सूची तैयार कर फर्मो से प्राथमिकता पर अधिक से अधिक मैनपावर व मशी पूर्ण करवायें जिससे नकारात्मक खबरे समाचार पत्र में प्रकाशित न हों।
6. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण व कार्यदायी फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्दे योजनाओं में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह नियमित रूप से ज करायें।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को निर्देशित फर्मो को अवशेष कार्यो के सापेक्ष कम मैनपावर लगाने के लिए कारण बताओ नोटिस निर्गत
8. तीनों फर्मो के प्रोजेक्ट हेड को निर्देशित किया गया कि माह मार्च 2026 से आपको भुग आपके द्वारा दी गयी समयसीमा पर कार्यस्थलों पर मैनपावर उपलब्ध रहे।

मु

पृ0सं0 1317 / W-30 / 20 दिनांक 06

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
7. मेसर्स फिचनर–टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
8. डिस्ट्रिक्ट–को ऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0–आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
9. श्री मनीष सिंह / श्री अभिजीत पाण्डेय, परि0प्रब0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सु
10. श्री हरेन्द्र भाम्बू, परि0प्रब0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
11. श्री अंकित उपाध्याय, परि0प्रब0, मेसर्स गायत्री –रैमकी (जे0वी0) / एम0आई0आर0पी0पी0एल0

File J.J.M. NP 01

Custodian Ravindra Inital

मुख्